हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 27 दिसंबर 2023
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 कलेक्टर गुप्ता ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण...



07 सुबह 9 बजे तक छाया रहा घना कोहराः सर्द हवा...






## हिंदू जागरण मंच नलखेड़ा नगर संयोजक बने महेश गौड

**नलखेड़ा।** हिंदू जागरण मंच मालवा प्रांत आगर मालवा के द्वारा नलखेड़ा नगर संयोजक पद पर नगर के युवा सामाजिक कार्यकर्ता महेश गौड की नियुक्ति की गई है। गौड की इस नियुक्ति पर इष्ट मित्रों के साथ मंच के कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारीयो द्वारा हर्ष व्यक्त कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



### जनसुनवाई में 60 आवेदन प्राप्त हुए, सीईओ जिला पंचायत ने की सुनवाई

# 7 माह की मजदूरी का भुगतान नहीं दिया, भुगतान दिलाने दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर-मालवा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर द्वारा मंगलवार को जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई में आवेदक मदनलाल पिता उदाजी निवासी ग्राम जमुनिया ने ग्राम पंचायत जमुनिया अंतर्गत गौशाला निर्माण कार्य की 07 माह की मजदूरी का भुगतान करवाने आवेदन दिया। आवेदक ने बताया कि वर्ष 2021 में 7000 रुपए प्रतिमाह पर 07 माह तक कार्य किया गया था, जिसकी मजदूरी का भुगतान ठेकेदार जगदीश सूर्यवंशी द्वारा नही किया जाकर, तत्कालीन सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक से मजदूरी लेने का कहकर टालमटोल किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती कौर ने सीईओ जनपद आगर को आवेदन की जांच कर संबंधित से मजदूरी का भुगतान करवाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 60 आवेदको द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया।



जनसुनवाई में मोड़सिंह चौहान निवासी चकबड़ाबीड आगर ने आवेदन दिया कि वह माध्यमिक स्कूल रायपुरिया में अतिथि शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहा था, किंतु संस्था प्रधान द्वारा बिना शासन के आदेश के हटाया गया है। पुनः स्कूल में अतिथि शिक्षक के रूप में सेवाएं देने हेतु लगाया जाए या अन्य किसी स्कूल में समायोजित किया जाए। सीईओ जिला पंचायत कौर ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन निराकृत करने हेतु निर्देशित किया। आवेदक रूगनाथ निवासी रतनखेड़ी ने घर के आसपास की गंदगी हटवाए जाने हेतु आवेदन दिया। आवेदक ने बताया कि घर के मुख्य दरवाजे के सामने ही गांव के सभी ग्रामीणों द्वारा कूड़ा करकट फेंका जाता है, साथ ही गंदे पानी का भी जमाव हो रहा है, जिससे कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, आवास के आसपास की गंदगी पंचायत के माध्यम से हटाई जाए।

आवेदक शंकरसिंह निवासी जहांगीरपुर ने दिव्यांगता के कारण चलने फिरने में हो रही परेशानी को दृष्टिगत रखते हुए ट्राईसाईकिल प्रदान करवाने, सलमान खान निवासी निपानिया बैजनाथ ने खाद्यान्न पर्ची बनवाए जाने आवेदन दिया। मेहरबान सिंह निवासी ग्राम नान्याखेड़ी ने विद्युत ट्रांसफार्मर लगवाने आवेदन दिया। सीईओ जिला पंचायत ने निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही अधिकारियों से निराकरण करवाया तथा शेष आवेदन संबंधित विभागों को समय-सीमा में निराकरण के लिए सौंपे गए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सर्वेश यादव, डिप्टी कलेक्टर किरण वरवड़े एवं जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

## बैल की हत्या करने वाले आरोपी के घर चला बुलडोजर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर मालवा

जिले के बड़ौद में बैल की हत्या करने वाले आरोपी के घरों के अवैध हिस्से को प्रशासन ने मंगलवार को बुलडोजर से ढहा दिया। भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से आरोपी रजाक खान पिता गनी मोहम्मद, सोनू मंसूरी, राहुल गुर्जर और दुर्गा शंकर गुर्जर के मकान का अवैध हिस्सा तोड़ा गया। बताते है की बड़ौद थाना क्षेत्र के गांव सांगाखेड़ी मार्ग पर रविवार रात में इन आरोपियों ने एक बैल को पेड़ से बांधकर पीटा। इसके बाद बैल की हालत बिगड़ गई। सोमवार सुबह इलाज के दौरान बैल की मौत हो गई। इसके विरोध में हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद एसडीएम सत्येंद्र बैरवा ने तहसीलदार प्रेमनारायण परमार को तत्काल हटा दिया। वही हिंदू संगठन ने प्रदर्शन कर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके घर

गिराने की भी मांग की थी। पुलिस ने चारों आरोपियों रजाक पिता गनी मोहम्मद, राहुल पिता मोहन गुर्जर,सोनू पिता इसाख खान, दुर्गा शंकर पिता मोहन गुर्जर निवासी बड़ौद को गिरफ्तार किया। इसके बाद मंगलवार को चारो आरोपियों के घर के अवैध हिस्सों को प्रशासन ने जेसीबी से पुलिस की मोजुदगी में ढहा दिया।

## स्कूल में उत्साह पूर्वक मनाया वीर बाल दिवस

### चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर मालवा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तनोडिया में मंगलवार को गुरु गोविंद सिंह के पुत्र जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के शहीदी दिवस को वीर बाल दिवस उत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में व्याख्याता डॉ दशरथ कुमार गवली द्वारा वीर बालकों के कार्यों को स्पष्ट करते हुए आदर्श वीर शिष्य आरुणि , उपमन्यु एवं नचिकेता के उद्धरण द्वारा समझाया। शिक्षक जितेंद्र तिवारी द्वारा स्वयं की जीवन की एक घटना सुनाकर बच्चों को वीर एवं वीरता शब्द से परिचित कराया।

शिक्षक बृजमोहन चौबे द्वारा गुरु गोविंद सिंह के दोनों वीर पुत्रों के जीवन चरित्र के बारे में विस्तार से समझाया गया। आगे बताया कि सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के पुत्र जोरावर सिंह और फतेह सिंह को 26 दिसंबर 1704 में आज के दिन ही इस्लाम कबूल ना करने एवं सनातन धर्म की रक्षा के लिए दीवार में चुनवा दिया गया । इस रक्षण कार्य हेतु 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जा रहा है। शिक्षक ईश्वर सिंह ने वीर रस के चार प्रकार युद्धवीर, कर्मवीर, दानवीर और दयावीर को उदाहरण सहित बच्चों को समझाया। आपके द्वारा सिख धर्म के दसवें गुरु, गोविंद सिंह के पुत्र को दी गई धर्मवीर की उपाधि को स्पष्ट किया।





### चित्रकला प्रतियोगिता में दीक्षा तो निबंध में विजया रही प्रथम

इस अवसर पर चित्रकला, निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताए आयोजित की गई। चित्रकला में प्रथम स्थान छात्रा दीक्षा योगी एवं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान छात्रा विजया एवं द्वितीय स्थान रितु सिसोदिया ने प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यार्थी एवं समस्त शिक्षक स्टाफ उपस्थित रहा छात्र संदीप मालवीय कार्यक्रम के छात्र मीडिया प्रभारी रहे।

## निःशुल्क एक दिवसीय स्वास्थ्य व मोतियाबिंद नेत्र ऑपरेशन शिविर आज

**नलखेड़ा।** अल्टरनेटिव मेडिकल प्रैक्टिशनर एसोसिएशन के तत्वाधान व केयर हॉस्पिटल आगर एवं मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल मक्सी के सहयोग से नलखेड़ा में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य मोतियाबिंद नेत्र आपरेशन शिविर का आयोजन आज होगा। मां बगलामुखी मार्ग स्थित रैन बसेरा पर बुधवार को 11 बजे से आयोजित इस शिविर मैं मुख्य अतिथि स्वामी सांदीपेंद्र महाराज रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुसनेर क्षेत्र के विधायक भेरूसिंह परिहार बापू द्वारा की जाएगी। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की निःशुल्क जांच की जाकर चयनित मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए भिजवाया जावेगा।

## सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा कलश यात्रा के साथ हुई प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़



नगर में समस्त नगरवासियों के सहयोग से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 26 दिसंबर से प्रारंभ हुआ जो की 1 जनवरी तक चलेगा। कथा प्रारंभ होने के पूर्व नगर के अतिप्राचीन बिजासन माता मंदिर से एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमे बालिकाएं और महिलाएं सर पर कलश लिए चल रही थी। कलश यात्रा के दौरान श्रीमद भागवत महापुराण को नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी सर पर लेकर चल रहे थे।

शोभायात्रा में पीछे कथा वाचक भागवत प्रवक्ता देवकन्या राष्ट्रीय संत सुगणा बाई सा रथ में चल रही थी। यात्रा में महिलाए बेंड ओर ढोल पर भक्ति भजनों पर नाचते हुए चल रही थी। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए नगर के नवीन बस स्टैंड ब्लॉक बी कथा स्थल पर पहुंची जहा विधिविधान से श्री भागवत जी की आरती कर मंच व्यास पीठ पर विराजित किया गया। कथा के प्रथम दिन कथा वाचक सुगणा बाई सा ने श्रीमद भागवत कथा का व्याख्यान करते हुए कथा का महत्व उपस्थित श्रोताओं को समझाया। कथा में बताया कि अगर किसी का तन बीमार हो जाए तो इसका इलाज डॉक्टर हे और किसी का मन बीमार हो जाए तो उसका इलाज सिर्फ सत्संग में कथा में जाने से होगा प्रथम दिन और भी प्रसंग ओर कई भजन सुनाए। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक हो रही है।

## कुंडालिया बांध में डूब प्रभावित मंदिरों के निर्माण कार्य प्रारंभ करवाने की मांग

**नलखेड़ा।** तहसील के ग्राम गोठड़ा के समीप कालीसिंध व भाटन नदी पर बने कुंडालिया बांध में ग्राम भंडावद के डूब में गए धर्मस्व विभाग एवं सार्वजनिक मंदिरों की स्वीकृत मुआवजा राशि डालने एवं निर्माण कार्य प्रारंभ करवाने की मांग के आवेदन ग्राम के निवासी सुरेश राठौर द्वारा कलेक्टर की जनसुनवाई में सौंपा गया। ग्राम भंडावद निवासी सुरेश पिता बद्रीलाल राठौर द्वारा मंगलवार को कलेक्टर की जिला स्तरीय जनसुनवाई में सौपे गए आवेदनों में बताया गया कि कुंडालिया डेम में डूब प्रभावित धर्मस्व विभाग के श्रीकृष्ण मंदिर एवं नृसिंह मंदिर का निर्माण कार्य आज तक प्रारम्भ नही हुआ है, जबकि श्रीकृष्ण मंदिर की 7 लाख 12 हजार 8 सौ एवं नृसिंह मंदिर की 4 लाख 41 हजार रुपये की मुआवजा राशि स्वीकृत हो चुकी है। आवेदन में धर्मस्व विभाग के दोनों मंदिरों का निर्माण कार्य तत्काल प्रारम्भ करवाने की मांग की गई है। सुरेश राठौर द्वारा सौपे गए एक अन्य आवेदन में ग्राम के डूब प्रभावित सार्वजनिक हनुमान मंदिर की स्वीकृत मुआवजा राशि 6 लाख 93 हजार रुपये तत्काल डालने की मांग की गई। जिससे मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा सके।

## साहबजादो की शहादत को किया नमन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

सिक्खो के दसवें गुरू गोविन्द सिंह के पुत्रो साहबजादे वीर बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को नमन करते हुए भाजपा कानड मंडल द्वारा नप गार्डन मे वीर बाल दिवस मनाया और वीर बलिदानियों के चित्र पर माल्यार्पण और पूजा अर्चना की। योगेश शर्मा ने वीर साहबजादो के बलिदान के बारे मे बताया कि 26 दिसम्बर 1704 को सर हिन्द के नवाब ने इस्लाम धर्म स्वीकार करने से इंकार करने पर गुरू गोविन्द सिंह के दोनो बच्चो जोरावर सिंह और फतेह सिंह को जिन्दा दीवार मे चुनवा दिया था उनकी शहादत और बलिदान को चिरस्थायी बनाने के लिए मोदी सरकार ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने का निर्णय लिया है ताकी उनके बलिदान को नई पीढ़ी जान सके। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मुकेश केलकर ने तथा आभार बनेसिंह चौहान ने माना।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह दरबार, राजेश आर्य, अंतरसिह दरबार, गोकुल चौहान, जीवन बीजापारी, भवर मलडावदिया, जगदीश मालवीय, देवीलाल मालवीय, जमनालाल शर्मा रामबाबू खजुरिया मुकेश सूर्यवंशी आदि उपस्थित थे।

## भारतीय पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष पद पर कनीराम यादव की नियुक्ति

**नलखेड़ा।** एसोसिएशन ऑफ इंडियन जर्नलिस्ट (भारतीय पत्रकार संघ) मध्य प्रदेश के आगर जिला अध्यक्ष पद पर जिले के वरिष्ठ पत्रकार कनीराम यादव की नियुक्ति की गई है। यादव की नियुक्ति भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन के निर्देशानुसार एवं मनोहर मंडलोई की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष किशोर कुमार दग्दी द्वारा की गई है। उनकी नियुक्ति पर जिले के पत्रकार जगत में हर्ष व्याप्त है, मीडिया कर्मियों द्वारा बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी गई। अपनी नियुक्ति पर श्री यादव ने कहा कि वहां संगठन के उद्देश्य के अनुसार पत्रकार जगत के हितों के लिए सक्रियता से कार्य करेंगे।



### भैरव पूर्णिमा पर लगाया चूरमा बाटी का भोग, नगर में निकाला चल समारोह

# सकलेचा बंधुओं ने सामूहिक रूप से पूजे कुल भैरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

पूर्णिमा पर्व पर सकलेचा गौत्रिय बंधुओं द्वारा कुल भैरव की सामूहिक पूजा आराधना का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में चल समारोह निकाल कर भैरूजी का आकर्षक श्रृंगार कर उन्हें चूरमा बाटी का भोग लगाया गया। देशभर में फैले समस्त सकलेचा गौत्रिय बंधुओं के हाजरा-हुजुर कुल भैरव की प्रतिमा नलखेड़ा में है। इस स्थान पर प्रतिवर्ष दो बार अगहन माह व वैशाख माह की पूर्णिमा के दिन सकलेचा परिवार द्वारा सामूहिक पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसमें कई स्थानों से सकलेचा बंधुओ द्वारा भाग लिया जाता है।

मंगलवार को कुल भैरवजी की सामूहिक पूजन के अवसर पर प्रातः 9 बजे नगर में ढ़ोल-ढमाकों के साथ चल समारोह निकाला गया। जिसमें सकलेचा गौत्रिय बन्धु व महिलाएं हाथों में पूजन सामग्री लेकर चल रही थी। प्रमुख मार्ग से होता हुआ जुलूस पांडिया कॉलोनी स्थित भैरवजी के देवस्थान पर पहुंचा। जहां सभी सकलेचा बंधुओं व महिलाओं ने भैरवजी का सामूहिक पूजन कर उन्हें विभिन्न सामग्री का भोग लगाया तथा आरती की गई। इस मौके पर प्रतिमाजी का आकर्षक श्रृंगार भी किया गया।



### भगवान गजानन और अंजनीलाल का भी हुआ पूजन

कुल भैरव की पूजन के पूर्व सकलेचा समाज के बंधु ढ़ोल-ढ़माकों के साथ बड़ा गणपती मंदिर पहुंचे, जहां भगवान गजानन की पूजा-अर्चना कर उन्हें मोदक का भोग लगाया गया। इसके बाद देव स्थान के समीप स्थित अंजनीलाल हनुमान चबूतरे पर पहुंचकर हनुमान प्रतिमा को चोला चढ़ाकर पूजा की गई।

### कुलदेवी अंबा माता की प्रतिमा होगी विराजित

भैरव पूर्णिमा के अवसर पर कुल भैरव धाम पर बनाए गए नवीन चबूतरे पर स्थापित वेदी में कुलदेवी अंबा माता की प्रतिमा को विराजित करने का लाभ अनिलकुमार, राजेशकुमार सकलेचा परिवार उज्जैन द्वारा लिया गया। शुभ मुहूर्त में विधि - विधान के साथ प्रतिमा को लाभार्थी सकलेचा परिवार द्वारा विराजित किया जाएगा। उसके पूर्व नगर में प्रतिमाजी का चल समारोह भी निकाला जाएगा। सकलेचा बंधुओं द्वारा इस अवसर पर लाभार्थी परिवार का बहुमान कर सम्मान किया गया।

इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, उपाध्यक्ष प्रितेश फाफरिया द्वारा कुल भैरव के देव स्थान पर नवीन सीसी रोड निर्माण कार्य करवाए जाने पर उनका सम्मान कर बहुमान किया गया। साथ ही कार्यक्रम मे नेमीचंद पांड़यिा का सम्मान भी किया गया। कुल भैरव के सामूहिक पूजन के अवसर पर प्रकाशचंद प्रशांतकुमार, अनय सकलेचा परिवार की ओर से सामूहिक सहभोज कार्यक्रम भी रखा गया था। कार्यक्रम में कई सकलेचा बन्धु उपस्थित थे। भैरव जी के पूजन के पश्चात समाज बंधु नगर से 2 किमी दूर कालाजी महाराज के देव स्थान पर पहुचे, जहां पर भी कालाजी महाराज की प्रतिमा का चोला चढ़ाकर आकर्षक श्रंगार किया गया तथा पूजन-अर्चन कर चूरमा-बाटी आदि का भोग लगाया।



## खबर संक्षेप

### 67वीं राष्ट्रीय शालेय कराटे प्रतियोगिता अंडर-14 में जीता स्वर्ण पदक




**देवास।** कराटे फिटनेस अकैडमी और देवास जिला कराते संघ की खिलाड़ी खुशी चौहान ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में 16 से 23 दिसंबर में आयोजित 67 वी राष्ट्रीय शालेय कराटे प्रतियोगिता में अंडर 14 के 24 किलो वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अर्जित किया। खुशी की यहाँ सफलता पर सबसे ज्यादा उनके कोच प्रिंस सरोनिया बहुत खुश थे। जब खुशी और उनके कोच दिल्ली से देवास आए तो परिजनों और कराटे खिलाडिय़ों ने जमकर देवास कराटे फिटनेस अकादमी के डायरेक्टर सिहान प्रवीण ढोबले कोच प्रिंस सरोनिया और खिलाड़ी खुशी चौहान का मिठाई, ढोल, धमाके के साथ पुष्पमाला से स्वागत किया। इस अवसर पर सीनियर खिलाड़ी स्वाती शिन्दे, विवेक वंजारे, शुभम कुशवाहा, निलेश मालवी, मोहित धाकड़, विवके राठौर, अपूर्वा मिश्रा, लक्ष कौशल, पूजा कौशल,अर्जुन गोस्वामी, प्रिंस चौहान, अथर्व चौहान, अर्चिशा जैन, अथर्व गिरी, अधीश मंगोरिया, नित्य गिरी, परिधि शर्मा, प्रचेत मेवाती, आराध्या राय, मान्या शर्मा, अनिका दुबे, मोहक जोशी, मितानश दुबे विराज, निशित राज, लक्ष्य मिश्रा, विराज ठाकुर उपस्थित थे। यह जानकारी शिव प्रजापत ने दी ।

### प्रधानमंत्री मोदी आज जिले की रूबीना-बी से वर्चुअली करेंगे संवाद

# कलेक्टर गुप्ता ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा

देवास जिले के ग्राम जामगोद में आज आयोजित होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



देवास जिले में ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ अंतर्गत 27 दिसम्बर को ग्राम पंचायत जामगोद में आयोजित शिविर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जागरूक आजीविका स्व सहायता समूह की रूबीना बी पति अयूब खां से वर्चुअली संवाद करेंगे। ग्राम पंचायत जामगोद में ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ अंतर्गत 27 दिसम्बर को सुबह 10 बजे दोपहर 02 बजे तक शिविर आयोजित किया जायेगा। जागरूक स्व सहायता समूह की रूबीना बी ने बताया कि मेरे लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुझे 27 दिसंबर को संवाद करेंगे। यह संवाद मेरे जीवन का सबसे बड़ा यादगार लम्हा होगा, जब प्रधानमंत्री मोदी मुझे संवाद करेंगे। यह सब आजीविका मिशन अंतर्गत संचालित स्व सहायता समूह से जुड़ने के बाद ही संभव हो पाया है। मैं बहुत ही उत्साहित हूं। मोदी से संवाद के बाद आज पूरे भारत में मेरी एक पहचान बनेगी। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं।

#### समूह से जुड़ने से पहले थी स्थिति खराब

जिले के विकासखण्ड देवास के ग्राम गुर्जर बापच्या की रहने वाली रूबीना बी ने बताया कि समूह से जुड़ने के पूर्व हमारी आर्थिक स्थिति बहुत खराब थी। वे बताती हैं कि समूह से जुड़ने पहले वे खेतों में मजदूरी करती थी जिससे उनका गुजारा नहीं हो पाता था। उनकी दो बेटियॉ है गरीबी के कारण में उनको अच्छे स्कूल में नहीं पढ़ पाई। हमारे गंव में हमें पर्दे में भी रहना पड़ता था। परिवार की परंपरा अनुसार घर से निकलने में भी अक्सर डर सा लगा रहता था। लेकिन वर्ष 2017 में वे आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह से जुड़ी। समूह से जुड़ने के पश्चात उन्हें समूह के अधिकारियों ने उन्हें आगे बढ़ने का हौसला प्रदान किया।

#### कलेक्टर ने लिया व्यवस्थाओ जायजा

जिले में ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ अंतर्गत आज ग्राम पंचायत जामगोद में आयोजित शिविर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हितग्राहियों से वर्चुअली संवाद करेंगे। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने ग्राम पंचायत जामगोद में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। ग्राम पंचायत जामगोद में ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ अंतर्गत 27 दिसम्बर को सुबह 10 बजे दोपहर 02 बजे तक शिविर आयोजित किया जायेगा। जिले में ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर आयोजित ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ में विभिन्न विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने के लिए स्टॉल लगाकर आवेदन लिए जा रहे है। केन्द्र सरकार की योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ वितरण किया जा रहा है।



# जनसुनवाई में पहुंचे जिले भर के अभिकर्ता, सौंपा ज्ञापन

### भुगतान के दावों को मंजूर कराने की मांग



**देवास।** जनसुनवाई में कलेक्टर को अपनी समस्या बताते हुए अभिकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

ठग कम्पनीज एवं मल्टीस्टेट क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी के खिलाफ एफआईआर कर मप्र के वित्तीय अधिष्ठानों में जमाकर्ता हित संरक्षण अधिनियम जमा कराए पाबंदी कानून-2019 (बड्स एक्ट 2019) के तहत ठगी पीड़ितों के भुगतान के दावों को मंजूर कराए जाने की मांग को लेकर जिलेभर के लगभग 25 पीड़ित मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे और ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के बैनर तले कलेक्टर को आवेदन दिया। संगठन जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल ने बताया कि देशभर में ऐसी कई कंपनियां है जो करोड़ों रूपए का गबन कर बंद हो चुकी है। सहारा इंडिया परिवार, जीएन डेरी, बीएनपी इंडिया ग्रुप, मालवांचल, बीएनपी रियलस्टेट, जीएन गोल्ड, साई प्रसाद, एडीवी, पीएलसी, संजीवनी, जी लाइफ, सनसाइन, यूएस के इंडिया आदि के खिलाफ इनकी प्रोपर्टीयां कुर्क कर सक्षम अधिकारी को बड्स एक्ट में अधिकार दिया गया है। सभी कम्पनियों की प्रोपर्टी का ब्यौरा लेकर सीज कर नीलाम करके चल-अचल सम्पत्ती कुर्क की जाए, जिसमें बड्स एक्ट की अनुपालना सूनिश्चित करें। अभिकर्ता पर फर्जी मूकदमें दायर हो रहे है। उन्हें म.प्र. में आदेशित करें। अभीकर्ता गुनहगार नहीं है। हर कम्पनी के पास गवमेंट के सिल लगे हुए अथोरीटी ऑफ पावर के सर्टीफीकेट मौजूद थे। जिन्हे दिखाकर हम जैसे मोले भाले लोगों के साथ एक कम्पनी के कई फर्म बनाकर बारी-बारी से लूटा गया। उनके बड़े बड़े सेमीनार होते थे, जिसने साक्ष्य हमारे पास मौजूद है। इसमें अभीकर्ता या किसी निवेशक पर कोई दबाव ना बनाए। कई लोग दबाव के कारण आत्महत्या कर चुके है। आगे ऐसी स्थिति ना बने, इसके लिए हमारी मांग है कि हमारा जमा धन बड्स एक्ट के तहत हर जिले, हर तहसील में पालिसी जमा होने के काउंटर खोले जाएं। उपरोक्त कम्पनी की पोलिसी का डाटा शासन के समक्ष रहेगा। अतिशीघ्र बड्स एक्ट की अनुपालना निश्चित करें और अभिकर्ता पर कोई एफआईआर ना हो ऐसा कोई कानून बनाए। कोई भी आवेदन लेकर थाने पर जाता है तो अभिकर्ता से पैसो की डिमांड रखी जाती है। पहले से ठगी हुए लोग इन सब बातो से परेशान होकर सक्षम यदि होता है तो थाने पर पैसे दे देता है अगर सक्षम नहीं है उसे या तो जेल जाना पड़ता है या आत्महत्या करना होता है। सभी पीड़ित अभिकर्ताओं ने मांग की है कि अधिनियम 2016 पाबंदी कानून जमा योजना पाबंदी कानून व बड्स एक्ट के तहत प्रत्येक जिले व तहसील मे ठगी कम्पनीयों के लिए मुकदमें दायर हो, जिससे लोगों की जमा पूंजी मिल सके। इस दौरान श्री के के के कुन्डल जी भावसिह बिजवाड साईमल बामनिया करन सिंह अलावा निर्मला प्रताप पटेल बिजवाड सेखर तिवारी घनश्याम कारपेंटर पवन चोधरी धरमेन्द तीसी सन्जय सिसोदिया हाटपीपल्या बाबुलाल पटेल जगदीश पटेल अम्बाराम लीलाधर पटेल, अशोक पटेल, प्रकाश, घनश्याम कारपेंटर, संजय पटेल सहित बड़ी संख्या में अभिकर्ता उपस्थित थे।

# 'अकल्पनीय यातनाएं भी सुकोमल जोरावरसिंह और फतेहसिंह को धर्म से विमुख न कर सकीं'

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भारत वीरों की भूमि है। भारत बलिदानियों की भूमि है। भारत त्याग और अहिंसा के पुजारियों की भूमि हैं हमने आक्रमण पर आक्रमण झेले। हमने सैकड़ों वर्षो तक जुल्म सहे। हमे अपने वीरों को खोते गए, हम अपना भू भाग खोते गए। विश्व में जितनी हानि भारतीय संस्कृति की हुई है उतनी और किसी संस्कृति की नहीं हुई है। आज हमारी संस्कृति का जो रूप है उसके पीछे अनगिनत बलिदान हैं। नवम गुरू श्री तेगबहादुर सिंह का समय आते आते आक्रमणकारियों के अन्याय और जुल्म चरम पर पहुंच रहे थे। तब गुरू ने अपना शीश देकर संस्कृति की रक्षा की। नवम गुरू श्री गोविंदसिंह जी ने अपने पूरे जीवन में आतताइयों से निरंतर संघर्ष किया।

गुरू गोविंदसिंह जी के पास शस्त्र बल कम किंतु आत्मबल अधिक था। अनन्तपुर किले से निकल सरसा नदी को पार करते करते गुरू जी का परिवार बिखर गया। दुर्भाग्य से दो छोटे पुत्र श्री जोरावरसिंह जी ओर श्री फतेहसिंह जी अपनी दादी मां के साथ मुगलों के षड़यंत्र का शिकार हो गए। ईनाम के लालच में एक सेवक ने गद्दारी की और दोनों पुत्र मुगलों की कैद में पहुंच गए। जहां उनको बहुत यातनाएं दी गई। लगभग 8 वर्ष और 5 वर्ष की अल्पायु वाले मासूम बालकों को कड़क ठंड में अमानवीय यातनाएं दी गई। धर्म परिवर्तन कर जान बचाने का लालच दिया गया, धमकियां दी गई। अकल्पनीय यातनाएं भी सुकोमल जोरावरसिंह और फतेहसिंह को धर्म से विमुख न कर सकीं। तब मुगलों ने मृत्यु दंड के रूप में दोनों को जीवित अवस्था में दीवार में चुनवा देने का कायराना आदेश दिया। ईंटे जब चेहरे तक पहुंची तो लोगों ने देखा आलौकिक आभा से दो नन्हें सूर्य चमक रहे थे। देखने वालों की अश्रुधाराएं बह चली पर पत्थर मुगल नहीं पिघले, दोनों छोटे साहबजादों ने इतिहास में स्वर्णिम हस्ताक्षर कर दिए। काल के भाल पर दो नन्हें बच्चों की कथा अमर हो गई। धर्म ओर संस्कृति की रक्षा के लिए साहबजादों की शहादत अभूतपूर्व है। जय हिन्द सखी मंडल द्वारा गुरूद्धारा एबी रोड पर आयोजित अमर शहीद जोरावरसिंह जी और फतेहसिंह जी के बलिदान स्मृति आयोजन में गुरूद्वारे के ज्ञानी सरदार भाई, अमरसिंह ने उक्त गाथा बताते हुए सखी मंडल की सदस्यों से कहा कि कितना भी बड़ा लालच हो धर्म और संस्कृति से विमुख मत होना।

हमें अपने संस्कारों ओर संस्कृति को अक्षुण्ण रखना है। इस अवसर पर स्मिता सलूजा ने गुरू परम्परा की जानकारी देते हुए बताया कि शहीद साहबजादों की दादी माता गुजरी देवी भी जुल्मों की शिकार हुई और वे भी शहीद हुईं ।

### युवराज ने जिले का नाम किया रोशन



**देवास।** शहर के प्रतिभावान बैडमिंटन खिलाड़ी युवराज वर्मा 14 वर्ष की उम्र में ही राष्ट्रीय स्कूल खेलों में कांस्य पदक जीतकर बैडमिंटन खिलाड़ियों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। युवराज ने वर्ष 2023 में इन्टर युनिवर्सिटी वेस्ट जोन बैडमिंटन प्रतियोगिता कोटा राजस्थान में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लिया। वर्ष 2021 खारगौन में आयोजित राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता पुरूष एकल वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। 63 वीं शालेय राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता वर्ष 2020 में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। बैडमिन्टन की राष्ट्रीय रेंक प्रतियोगिता में एकल अंडर-19 आयु वर्ग में 40वीं रैंक में भी शामिल थे। बैड़मिन्टन खिलाड़ी युवराज वर्मा खेल एवं युवा कल्याण विभाग की महत्वाकांक्षी योजना जिला बैडमिंटन प्रशिक्षण केन्द्र कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम देवास में प्रशिक्षक दिलीप महाजन से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें है।

# अग्रणी महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन का पुरस्कार वितरण का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




श्री कृ. प.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन द्वारा समूह चर्चा प्रतियोगिता एवं तीन दिवसीय कार्यशाला रिज्यूम मेकिंग एवं इंटरव्यू स्किल के पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में वीर बाल दिवस गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रो साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी को नमन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष मनीष पारीक रहे तथा डॉ आर मराठा, डॉ विद्या महेश्वरी, डॉ एस पी एस राणा, श्री शुक्ला सहित प्राचार्य डॉ बीएस जाधव ने मंच साझा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर बी एस जाधव द्वारा की गई। इस अवसर पर मनीष पारीखद्वारा इस तरह के आयोजन होते रहने के लिए महाविद्यालय को बधाई दी एवं विद्यार्थियों को करियर संबंधी शासन के विभिन्न योजना से अवगत कराया। इस अवसर पर महाविद्यालय की ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर डॉक्टर मनोज मालवीय को जनभागीदारी अध्यक्ष द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मैडल प्रदान किए गए। रिज्यूम मेकिंग एवं इंटरव्यू स्किल में प्रशिक्षण प्रोफ़ेसर दीपक अटाडिया एवं अंग्रेजी विभाग की प्रोफेसर निहारिका व्यास के द्वारा किया गया। इस अवसर डॉ दीप्ति धवले, डॉ जरीना लोहावाला, डॉ भारती कियावत, प्रोफेसर राकेश कोटिया, डॉ मधुकर ठोंमरे, डॉ जया गुरनानी, प्रोफेसर कैलाश यादव, प्रोफेसर निधि नामदेव, प्रोफेसर माया ठाकुर, प्रोफेसर नैना उपाध्याय, प्रोफेसर टीना धारीवाल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर मनोज मालवीय एवं प्राची द्वारा किया गया तथा आभार डॉ सत्यम सोनी ने माना।

### महारानी राधाबाई शा.क.उ.मा.वि में मनाया वीर बाल दिवस



**देवास।** महारानी राधाबाई शा.क.उ.मा.वि. देवास में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता एमआयटी के पूर्व प्रोफेसर तथा स्किल इंडिया के प्रशिक्षक सन्मीत खनूजा थे। आपने बताया कि गुरू गोविंदसिंह सिक्खों के दसवें और अंतिम गुरू थे। गुरू तेग बहादुरसिंह के बलिदान के उपरांत 11 नवम्बर सन 1675 को 10 वें गुरू बने । सन 1699 में बैसाखी के दिन उन्होंनें सालसा पंथ की स्थापना की, जो सिक्खों के इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। इनका वास्तविक नाम गोविंदराय था। इनके पिता गुरू तेग बहादुर और माता गुजरी देवी थी। उन्होंने अन्याय अत्याचार ओर पापों को खत्म करने के लिए ओर धर्म की रक्षा के लिए मुगलों के साथ चौदह युद्ध लड़े। धर्म की रक्षा के लिए समस्त परिवार का बलिदान दिया। जिसके लिए उन्हें सरबसदानी (पूरे परिवार का दानी) भी कहा जाता है। अनन्तपुर छोड़ने के बाद गुरू जी का परिवार बिखर गया।

### सात दिवसीय राम कथा का महेश्वरी भवन में हो रहा आयोजन

# राम तक पहुंचने का सरल मार्ग शिव भक्ति है: पुष्पानंद महाराज





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भगवान शिव की कृपा के बिना राम को प्राप्त नहीं किया जा सकता। राम तक पहुंचाने का मार्ग शिव भक्ति ही है। शिव की कृप के बिना राम को नहीं पाया जा सकता। भगवान श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में संसार में अवतरित हुए और हम सब सांसारियों को भगवान श्री राम ने मर्यादा का पाठ पढ़ाया। जीवन में संघर्ष का आना स्वाभाविक गुण है। भगवान राम ने अवतार लेकर अपने जीवन के संघर्षों के माध्यम से हम सब मानवों का मार्गदर्शन किया है। भगवान श्री राम ने संसार में जो सबसे अंतिम पंक्ति का मानव है उसको भी अपना सानिध्य प्रदान करके सामाजिक समरसता का संदेश दिया है। देश, परिवार व समाज को किस तरह से संचालित करना चाहिए यह मार्ग हमें भगवान श्री राम ने आदर्श प्रस्तुत किया है।

भगवान श्री राम चक्रवर्ती सम्राट के पुत्र होकर भी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पंहुचकर वन वन भटके। हमारे देश के सर्वोच्च पदों पर प्रतिष्ठित व्यक्ति समाज के अंतिम व्यक्ति की सुध लेंगे तभी इस राष्ट्र में राम राज्य की स्थापना होगी और समस्त जीवात्मा प्रसन्नता से अपना जीवन व्यतीत कर पाएंगी। यही भगवान ने शबरी से निषादराजजी, केवट आदि से मिलकर हमें संदेश दिया है। उन्होंने आगे कहा कि समाज को राजनेता के पास नहीं जाना चाहिए बल्कि राजनेता खुद समाज के पास आएं। यह विचार महेश्वरी भवन श्री राम मंदिर भेरूगढ़ में 24 से 30 दिसंबर तक आयोजित की गई सात दिवसीय राम कथा के दौरान दूसरे दिन कथावाचक पुष्पानंद महाराज कांटा फोड़ वाले ने प्रकट किए। इस दौरान पुष्पानंद महाराज ने सजा दो घर को दुल्हन सा प्रभु श्री राम आए हैं। जैसे एक से बढ़कर एक भक्तिमय गीतों की संगीतमय प्रस्तुति से माहौल को धर्ममय बना दिया। भगवान श्री राम का भक्तों द्वारा हर्ष उल्लास के साथ जन्मोत्सव मनाया गया।

भक्तों द्वारा किए गए जय जय श्री राम जय जय श्री राम के उदघोष से कथा पंडाल गूंज उठा। महिलाओं माता बहनों द्वारा मंगल गीत गए गए। श्री राम जन्मोत्सव की मनमोहक प्रस्तुति ने भक्तों का मन मोह लिया। जन्मोत्सव की खुशी में धर्म प्रेमी नागरिक झूमने लगे। पुष्पवर्षा कर भगवान श्री राम का भव्य स्वागत किया गया आयोजक मंडल के मधु महेश चंद्र झंवर एवं अतिथियों ने व्यासपीठ की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। कथा प्रतिदिन 2 से शाम 6 बजे तक होगी। सैकड़ो धर्म प्रेमियों ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ लिया।

# आवासीय प्लाट पर संचालित नमकीन सेव फैक्ट्री को किया बंद



**देवास।** रहवासी क्षेत्र में इस तरह संचालित हो रही थी फैक्ट्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अनुविभागीय दण्डाधिकारी देवास ने मोहित चावडा प्रोप्रायटर आशिक फुड प्रोडक्ट द्वारा विश्वकर्मा नगर देवास में आवासीय प्लाट पर टीन शेड लगाकर संचालित की जा रही नमकीन सेव फैक्ट्री द्वारा फैलाये जा रहे विभिन्न प्रकार के प्रदूषण पर एक पक्षीय आदेश पारित कर सेव फैक्ट्री को तत्काल प्रभाव से बंद किया है। उल्लेखनीय है की रहवासियों द्वारा विश्वकर्मा नगर देवास में आवासीय प्लाट पर टीन शेड लगाकर संचालित की जा रही नमकीन सेव फैक्ट्री फैलाये जा रहे प्रदूषण की शिकायत की थी। जिस पर जांच के बाद नमकीन सेव फैक्ट्री को बंद किया गया। इसके बाद क्षेत्र के रहवासियों ने राहत की सांस ली।

## खबर संक्षेप

### श्री राम कथा स्थल का किया भूमि पूजन



**आष्टा।** नव वर्ष की शुरुआत पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मालवा माटी के संत विनोद नागर गोविंद जाने के मुखार बिंदु से होने वाली श्री राम कथा का भूमि पूजन विधि विधान से किया गया। भोपाल नाका के पास सीएम राइस ग्राउंड पर वार्ड क्रमांक 18 की पार्षद लता तेजपाल मुकाती के हाथों से भूमि पूजन किया गया। इस वर्ष विशेष रूप से नगर के अलीपुर क्षेत्र धार्मिक महादेव महिला मंडल का विशेष सहयोग रहेगा। वही गोविंद जाने सेवा समिति ने सभी नगर वासी और क्षेत्रवासियों से कथा को विशेष रूप से संपन्न बनाने के लिए विशेष सहयोग की अपील की है। आयोजित होने वाली श्री राम कथा में कथा वाचक विनोद नागर गोविंद जाने प्रति दिन श्रद्धालुओं को अलग-अलग कथाओं का वर्णन करेंगे। वही कथा समापन पर प्रसादी का वितरण किया जाएगा। भूमि पूजन अवसर पर महादेव मंडल अध्यक्ष भगवती सोनी, डॉ मनोज नागर डॉ सुरुचि सिंह ,चेतन सिंह ठाकुर,बंटी मेवाड़ा विजय खंडेलवाल,चेतन वर्मा, राजा मेवाड़ा, सोनू गुणवान, हरेंद्र ठाकुर जुगल पटेल, चन्दर ठेकेदार, जितेंद्र सरपंच, जाताल सिंह मेवाडा, घनश्याम जांगड़ा, धीरज सिंह मेवाडा, विनीता माहेश्वरी, मनीषा नागर, शेलबाला शर्मा, मंजू राठौर, टीना पांचाल, ललिता वर्मा आदि श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

### उत्तर पूर्व की और से चल रही हवाएं, कोहरे के साथ सर्द हवाओं का सिलसिला भी हुआ शुरू

# सुबह 9 बजे तक छाया रहा घना कोहराः सर्द हवा से बढ़ी ठंड, बादल छाने के साथ चली सर्द हवा, जलने लगे अलाव

**सोमवार की सुबह घने कोहरे के कारण भोपाल इंदौर हाईवे सहित अन्य मार्गों पर वाहन चालक लाइट जलाकर वाहन चला रहे थे।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



घने कोहरे ने ढकी सूरज की किरणें

क्षेत्र में एक बार फिर मौसम में बदलाव देखा गया सोमवार को सुबह 4 बजे से 9 बजे तक घना कोहरा छाया रहा आलम यह था कि भोपाल इंदौर हाईवे सहित अन्य मार्गों पर वाहन चालक लाइट जलाकर वाहन चला रहे थे सामने के वाहन के कोहरे के कारण बिल्कुल भी नहीं दिखाई दे रहे थे एक तरह से कोहरे ने वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। सोमवार को एक बार फिर से क्षेत्र में घना कोहरा छा गया कोहरे व कड़ाके की ठंड के कारण क्षेत्र का जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। यह जरूर है कि क्रिसमस की आज छुट्टी है, लेकिन बुजुर्ग लोगों को कड़ाके की ठंड से परेशान होना पड़ा सुबह 5 बजे से क्षेत्र में घना कोहरा छा गया था कोहरा सुबह 9 बजे तक रहा।

इस दौरान भोपाल इंदौर हाईवे ,कन्नौद खंडवा, सुजालपुर पचोर सहित अन्य मार्गों पर वाहन चालकों को लाइट जला कर वाहन चलाना पड़ रहे थे। इधर कड़ाके की ठंड से क्षेत्र की फसले लहरा उठी है। इस बार भी किसानों को अच्छी फसल की उम्मीद है क्योंकि मावठा भी समय पर गिरा।

#### सुबह से ही बादल छा गए

कोहरे के साथ ही सर्द हवाओं का सिलसिला भी शुरू हो गया।जिससे नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में ठंड का असर देखा गया। दिनभर लोग ठंड से बचने का जतन करते रहे। ग्रामीण इलाकों में तो कई स्थानों पर अलाव जलते दिखाई दिए सोमवार की सुबह के समय से घना कोहरा छाया रहा। जिससे विजिबिलिटी भी कम हो गई है और सड़कों पर वाहन चालकों को अपने वाहनों की लाइट जलाकर चलना पड़ा। इस समय उत्तर पूर्व की और से हवा चल रही है। जिसकी रफ्तार 10 किमी प्रति घंटे के आसपास है। दो दिन बाद बादल हट जाएंगे, जिसके बाद दिन रात के पारे में गिरावट होगी। साथ ही ठंड का असर तेजी से बढ जाएगा। बादलों से बढ़ा दिन रात का पारा सर्द हवा चलने की वजह से ठंड का असर दिखाई दे रहा है लेकिन दिन रात के पारे में उछाल आया है।

#### कड़कड़ाती सर्दी में जा रहे ट्यूशन

नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के दो हजार छात्र-छात्राएं अलसुबह 5 बजे से कोचिंग सेंटरों पर जाते नजर आ रहे हैं। यह सभी छात्र हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी में अध्ययनरत हैं। किसी भी दिन कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है एक तरफ जहां छात्राओं के पालक गण भी लापरवाही बरत रहे हैं, जो इतनी अल सुबह से अकेली अपनी बेटी को ट्यूशन के लिए भेज देते हैं। जबकि न्यूनतम पारा 8 डिग्री सेल्सियस तक आ पहुंचा है। इस कड़कड़ाती ठंड में इन छात्रों का कहीं स्वास्थ्य खराब न हो जाए इसकी परवाह न तो कोचिंग सेंटर संचालकों को है और न शिक्षा विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यहां बताना जरूरी है कि नगर में एक दर्जन से अधिक ऐसे कोचिंग सेंटर हैं। जिन्होंने न संबंधित विभाग में अपना पंजीयन कराया है और इन कोचिंग सेंटर के पास छात्रों को बैठाने के लिए पर्याप्त जगह है। लेकिन शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण कोचिंग सेंटर संचालक मनमानी कर रहे हैं।शासन के प्रावधानों के अनुसार नगर के सभी कोचिंग सेंटर का पंजीयन कार्यालय में होना चाहिए। लेकिन नगर में अधिकांश कोचिंग सेंटर बगैर पंजीयन के ही चलाए जा रहे हैं। वर्तमान में नगर के जिन इलाकों में अवैध रूप से कोचिंग सेंटर चल रहे हैं , वहां पर सुनसान जगह है। अजब सिंह राजपूत विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोचिंग सेंटर के संबंध में हमारे पास कोई रिकॉर्ड नहीं है इनका पंजीयन विभाग में ही रजिस्ट्रेशन होता है। इतनी सुबह से कोचिंग क्लासेस नहीं लगना चाहिए और पालकों को भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए। हम कोचिंग वालों की बैठक लेकर इस संबंध में निर्देश देंगे।

## भारतीय किसान संघ ने प्रारंभ किया सदस्यता अभियान, निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




भारतीय किसान संघ आष्टा द्वारा नगर के सेमनरी रोड पर स्थित गीतांजलि गार्डन में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय किसान संघ मध्य प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी एवं सीहोर जिले के जिला प्रभारी पूरन सिंह यादव विशेष रूप से उपस्थित हुए। बैठक में आष्टा विकासखंड के विभिन्न गांव से आए किसान एवं किसान पदाधिकारी मौजूद रहे। किसान संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री चौधरी ने बताया कि भारतीय किसान संघ की हर तीसरे वर्ष में सदस्यता होती है, जो इस वर्ष 2024 की सदस्यता होनी है। वह 15 दिसंबर से 15 जनवरी तक रहेगी, जिसमें किसान संघ के कार्यकर्ता विशेष अभियान चलाकर गांव- गांव में जाकर किसानों को किसान संघ के सदस्य बनाएंगे। बैठक के बाद सभी किसानों ने रैली के रूप में भगवान मनकामेश्वर महादेव मंदिर में जाकर भगवान की पहली सदस्यता की रसीद बनाई और सदस्यता अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। तत्पश्चात नगर के सुरेश सुराणा सहित कुछ नागरिकों को भी किसान संघ का सदस्य बनाया गया।भारतीय किसान संघ आष्टा के तहसील अध्यक्ष राकेश वर्मा ने सभी किसानों से अपील की है कि सभी लोग किसान संघ के सदस्य बने ।इस अवसर पर काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## सीसी रोड़ निर्माण कार्य का किया निरीक्षण मानक स्तर का कार्य करने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगरपालिका द्वारा नागरिकों की मूलभूत आवश्यक्ताओ का ध्यान रखते हुए नगर मे निर्माण कार्य जारी है। इसी के चलते नगर के वार्ड क्रमांक 13 मे निर्माणाधीन सीसी रोड का निरीक्षण नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा पार्षद डॉ सलीम खान, सुभाष नामदेव, रविवार शर्मा की मौजूदगी मे किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री मेवाड़ा ने निर्माणाधीन सीसी रोड़ की गुणवत्ता के बारे मे वार्डवासियो से चर्चा की और उनकी समस्याओ को जाना। ठेकेदार को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण उच्च गुणवत्ता व मानक स्तर कि समग्रियो का उपयोग कर ही करें, निर्माण कार्य मे किसी भी प्रकार कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं होंगी. निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के साथ वार्ड के अल्ताफ बैग, सिराज खा, कलीम खा, चुटका खा, मुन्ना खा, हसीन खान, आरिफ मामा, जितेंद्र आदि मौजूद थे।

## सफर के दौरान यात्रियों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं वाहन चालक

### ओवरलोड वाहन की वीडियो व फोट भेजें, ऑनलाइन कटेगा चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



ओवर लोडिंग के खिलाफ परिवहन विभाग व ट्रैफिक पुलिस ने चालानी कार्रवाइयां शुरू की हैं। इस काम में पुलिस और परिवहन विभाग आम जनता का भी सहयोग लेने जा रहा हैं। आम लोग भी ओवर लोड वाहनों की ऐसी वीडियो पुलिस को पोस्ट कर सकते हैं, जिसमें यात्री वाहन ओवरलोड दिखाई दे रहे हैं। यह अभियान विशेषकर यात्री वाहनों में ओवर लोडिंग रोकने के लिए शुरू किया जा रहा है। पुलिस और परिवहन विभाग खुद भी अचानक कहीं भी चैक प्वाइंट लगाकर ओवर लोड वाहनों को जांचेंगे और उन पर कार्रवाई करेंगे। मुख्य मार्गो पर हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस और परिवहन विभाग लगातार कार्रवाइयां करता है। लेकिन अधिकारियों का मानना है कि हर समय ट्रैफिक पुलिस और परिवहन अमला हर जगह मौजूद नहीं रह सकता। ऐसे में जागरूक लोग पुलिस और परिवहन विभाग की मदद कर सकते हैं। यही वजह है कि ट्रैफिक पुलिस ने नया प्रयोग किया है। जिसमें आम लोगों द्वारा ओवर लोड यात्री वाहनों के वीडियो उपलब्ध कराने पर ऐसे वाहनों पर चालान बनाए जाएंगे। परिवहन विभाग भी ऐसे यात्री वाहन को नोटिस जारी करेगा और उचित उत्तर न मिलने पर ऐसे यात्री वाहनों के परमिट निरस्त किए जाएंगे। इसके अलावा परिवहन विभाग व पुलिस महकमा बीच-बीच में चेकिंग अभियान चलाता है। चुनाव के दौरान जगह-जगह जांच नाके लगाए गए थे, जिससे ओवर लोडिंग की समस्या खत्म हो गई थी, लेकिन अब जांच नाके नहीं हैं, ऐसे में ओवर लोडिंग की समस्या फिर से खड़ी हो रही है।

## दानदातागण और समाज के सहयोग से गौसेवा का संकल्प सफल हो सकता हैं: नरेन्द्र कुशवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के समीप स्थित मां पार्वती धाम गौशाला गौ सेवा के क्षेत्र में संपूर्ण क्षेत्र में अपनी अलग ही पहचान बना चुकी हैं। नगर एवं आसपास के निवासीगण गौ सेवा के माध्यम से अपने सामाजिक सरोकारों का निर्वहन करते हैं। जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ एवं अपने पूर्वजों की स्मृति मे मां पार्वती धाम गौशाला में पहुंच कर गायों को चारा खिलाते हैं। वर्ष 2014 में नगर के गौसेवकों के प्रयास से प्रारंभ हुई गौ सेवा की यह मुहिम आज नगर में अनूठी पहचान बना चुकी हैं। दानदाताओ के सहयोग से करीब 150 से अधिक गौ माताओं के संरक्षण इस गौ शाला में किया जा रहा हैं। उक्त बातें मां पार्वती धाम गौशाला के अध्यक्ष पूर्व पार्षद नरेन्द्र कुशवाह ने कहीं । श्री कुशवाह ने कहा कि मां पार्वती धाम गौशाला के सुचारू संचालन के लिए हमने परिवार के मांगलिक एवं अपने पूर्वजों की स्मृति में मनाये जाने वालो आयोजनो को गौ सेवा के रूप में मनाये जाने का अभियान पिछले करीब 3 वर्षो से चलाया हुआ हैं, जिसकी परिणिति आज यह हैं कि आऐ दिन मांगलिक उत्सव जैसे जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ एवं अपने पूर्वजों की स्मृति में गौसेवा के रूप में नागरिकगण सहयोग कर रहे हैं।जिससे गौसेवा का धार्मिक लाभ तो मिलता ही हैं, वह गौ सेवा के अभियान की समाज में चेतना फैल रही हैं। उन्होंने समाज एवं दानदाताओ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गौ सेवा का संकल्प तभी तक संभव हो सका कि दानदाता एवं समाज का गौ सेवा के कार्य में सहयोग मिला। नगर के गौसेवा प्रेमी पप्पू कुशवाह बैरसिया, मृदुल पारख, विपिन सिंगी, दीपेश सिंगी, डॉ रमेश अरोलिया, डॉ पूनम वर्मा ने मॉ पार्वती धाम गौशाला के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद नरेन्द्र कुशवाह को गौ सेवा हेतु अपनी गुल्लक भेंट की। इस अवसर पर सुभाष सांवरिया, सुनील प्रगति, नरेन्द्र पोरवाल, संजय जैन किला, संजय सुराणा, सुनिल कचनेरिया, नितिन सिंगी, अमरचंद कुशवाह आदि मौजूद थे।

## महिला जागृति की हुई मासिक बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अखिल भारतीय महिला जागृति मंच मेन शाखा आष्टा की मासिक बैठक मंच की अध्यक्ष श्रद्धा नरेन्द्र गंगवाल के निवास पर संपन्न हुई। उक्त बैठक के प्रारंभ में बड़े बाबा आदिनाथ भगवान एवं मंच के आशीर्वाद दाता शांति दूत की उपाधि से विभूषित जिनशरणम तीर्थ प्रणेता आचार्य पुलक सागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आरती भक्ति भाव के साथ की गई। वहीं मंच की सभी ने भक्तांबर जी का पाठ भी किया। मंच की बैठक के दौरान बड़े बाबा आदिनाथ भगवान एवं आचार्य पुलक सागर महाराज के चित्र के समक्ष आरती की गई ।वहीं भक्तांबर जी का पाठ एवं चौबीसी तथा भजन भक्ति भाव के साथ किए गए। इस अवसर पर गेम्स भी कराए गए तथा विजेताओं को मंच की अध्यक्ष श्रद्धा गंगवाल द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। गेम्स में प्रथम प्रीति जैन एवं श्वेता जैन साक्षी तथा द्वितीय प्रीति जैन तथा तृतीय वैशाली जैन रही। इस अवसर पर मंच की पदाधिकारी एवं सदस्याएं उपस्थित थी।

### महावीर भवन स्थानक में बच्चों ने की धर्म आराधना

## बच्चों को संस्कारित करना कठिन कार्यः अभय मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



क्रोध,मान, माया,लोभ में माया झुकती नहीं है। मोहिनी कर्म का लगातार बंध कर रहे हैं।यह चारों कषायों से व्यक्ति जकड़ा हुआ है।यह अनंत भव -भव में भटकाती है । क्षमा भाव रखें। तीर्थंकर महावीर स्वामी की माता 14 स्वप्न देखती है। काफी प्रसन्न होकर राजा सहित सभी को बताती है। सिद्ध भगवान बोलते नहीं,वह णमो सिद्धाणम। सिद्ध भगवान की भक्ति करते हैं। कषायों, पापों के लिए मौन रहना पाप कर्म बांधते हैं।मौन साधना करना चाहिए। आत्मा को आनंद मिलता है।कम बोलें,तोल,मोल के बोले। वाणी का मूल्य समझें। अच्छा बोलने वाले अमृत के समान और मान, माया और मोह के वशीभूत होकर बोलने वाले जहर के समान है। मन के अंदर झांकना चाहिए,तन से मोह रखते हो, जबकि मन से मोह रखें और उसे साफ रखें। उक्त बातें नगर के महावीर भवन स्थानक में विराजित अभय मुनिश्री ने आशीष वचन देते हुए कहीं। आपने कहा कि आज बच्चों का सुख मोबाइल ने छीन लिया। अपने काम करने के लिए माताएं अपने बच्चों को मोबाइल पकड़ा देती है। घर में रहकर व्यक्ति धर्म,पाप, पुण्य की खेती कर सकते हैं।मन,वचन और काया पर नियंत्रण रखें। कषाय से दूर रहें।पांच इंद्रियों की रसा इंद्रिय है, इस पर कंट्रोल करें।

#### हमेशा सम भाव में रहोः हेमंत मुनिश्री

हेमंत मुनिश्री ने कहा संसार से निकलने का भाव रखें, सामायिक की साधना कर रहे हैं।सम भाव में रहना,राग,द्वेष,मोह, माया सब दूर। सामायिक की साधना हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है।पूरे जीवन सामायिक करते रहे तो अगला भव सुधर जाएगा। सामायिक का महत्व समझें। पापों को रोकने के लिए सामायिक की साधना करें। अपनी इच्छाओं को कम करें। सामायिक करने से समभाव आता है। मुनियों की सेवा और अच्छा कार्य करने की अनुमोदना के भाव आते हैं। सामायिक के एक- एक शब्दों को अपने जीवन में आत्मसात करें।जब भी अवसर मिलें चिंतन करें कि भगवान ने यह शब्द क्यों बताएं।

## चर्च में उत्साह से मनाया क्रिसमस पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



प्रभु यीसु मसीह के जन्मदिन का पर्व क्रिसमस नगर में धूमधाम से मनाया गया। मसीह समाज ने पर्व की खुशियां अपने धर्मस्थलों पर रोशनी और सजावट करके मनाई । इस अवसर पर देश दुनिया मे शांति और सद्भाव के लिए प्रार्थनाऐं की गई। साथ ही येशु के जन्म दिन की खुशी में गीत और भजन भी गाये ।प्रदेश कांग्रेस महासचिव कैलाश परमार ने साथियों सहित ख्रीस्त प्रेमालय पहुंच कर मसीह समाज के प्रमुखों को बधाई दी। नगर में ईसाई समाज शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में सेवारत है। यहाँ धार्मिक शिक्षा का भी बड़ा केंद्र है। स्थानीय मसीह गुरुकुल में धार्मिक शिक्षा के लिए देश भर से विद्यार्थी आते हैं। इस लिहाज से आष्टा दुनिया भर में विख्यात है। पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने ईसाई गुरुकुल के कुलाधिसचिव फादर फ्रांसिस स्थानीय चर्च प्रमुख फादर जोलेडिस टोप्पो पुष्प चिकित्सालय की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ हेरिमन एवं डॉ नैंसी, प्रशासक सिस्टर आनंदा नवांकुर सामाजिक संस्थान प्रमुख सिस्टर हर्षिता सहित सभी उपस्थितजन को पुष्प गुच्छ भेंट कर क्रिसमस की बधाई दी । इस अवसर पर समाजसेवी सुनील प्रगति तथा एडवोकेट वीरेंद्र सिंह परमार भी मौजूद थे।

## पार्टी के अप्रत्याशित फैसले से जिले भर में मनाई गई खुशियां

# भाजपा का बड़ा फैसला, जिले में दो राज्यमंत्री बनाकर ढ़हा दिया दिग्गी का कांग्रेसी किला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-सारंगपुर

पहले तो विधानसभा में पांचों सीटों पर प्रचंड जीत हासिल कर भाजपा जिले से कांग्रेस को लगभग उखाड़ चुकी थी। रही सही कसर भाजपा के मंत्री मंडल के गठन के बाद पूरी हो गई। कभी दिग्गी का गढ़ कहा जाने वाला और कांग्रेस को जिंदा रखने वाला यह किला अब पूर्ण रूप से भाजपा के कब्जे में जा चुका है। प्रदेश में मोहन यादव सरकार के मंत्रीमंडल के गठन में ब्यावरा से नारायण सिंह पंवार एवं सारंगपुर से गौतम टेटवाल को राज्यमंत्री बनाकर जिले को विकास की राह मजबूत करने एवं कांग्रेस के भविष्य पर पूर्ण विराम लगाने की कोशिश की है। हालांकि अधिकतर राजनीतिक विशेषज्ञ इसे लोकसभा के चुनाव की विसात से जोडकर देख रहे है ऐसे में कांग्रेस कौन सा ब्रहम्अस्त्र का उपयोग कर अपने आप को बचा पाएगी यह तो समय ही बताएगा।

### फोन आने तक स्थानीय कार्यक्रमों में ही व्यस्त थे नवनियुक्त राज्यमंत्री पंवार और टेटवाल





### फोन आने के बाद भोपाल रवाना हुए थे दोनों विधायक

मंत्रीमंडल गठन से बेखबर दोनों विधायक अपने दैनिक कार्यक्रमों में अपनी अपनी विधानसभा में लगे हुए थे। भोपाल से फोन आने के बाद अपने दैनिक कार्यक्रमों को छोड़कर भोपाल पहुंचे ब्यावरा से नारायण सिंह पंवार एवं सारंगपुर से गौतम टेटवाल को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### पहली बार मिले जिले को दो मंत्री

राजगढ़ जिले के लिए गौरव की बात है कि मोहन यादव के मंत्रीमंडल में ब्यावरा के नारायण सिंह पंवार और सारंगपुर से गौतम टेटवाल को जगह दी गई है। दोनों ही विधायक अभी तक दो विधानसभा जीत चुके हैं। वहीं देखा जाए तो पूर्व मंत्रीयों में बद्रीलाल यादव ,प्रियव्रतसिंह खिचीं के बाद यह दो मंत्री होगें जो जिले को विकास की राह प्रशस्त करेंगे।

### पंवार का विधानसभा से मंत्री तक का सफर


- जिले की पांचों विधानसभाओं से सबसे ज्यादा वोटो से जीत दर्ज कराने वाले नारायण सिंह पंवार अपने काम से पहचाने जाते हैं। भाजपा में विभन्न जिम्मेदार पदों पर रहते हुए उन्होने अपने राजनैतिक जीवन की शुरूआत की।
- 2013 – पहली बार विधानसभा का चुनाव लड़े और जीत हासिल की
- 2018 – दूसरी बार विधानसभा में हार का सामना करना पड़ा
- 2020 – विधानसभा उपचुनाव में पुन: हार का सामना करना पड़ा

2023 – दूसरी बार जिले में सर्वाधिक मतों से जीतने का रिकॉर्ड बनाया और मोहन यादव के मंत्रीमंडल में शामिल हुए

# आदेश के 3 माह बाद भी रिलीव नहीं किए महाविद्यालयों के कर्मचारी

## उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अक्टूबर में जारी आदेश का मामला

**राजगढ़।** उच्च शिक्षा विभाग में जो न हो जाए वो कम है। इस विभाग में तीन माह पूर्व 4 अक्टूबर 2023 को प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक सहित विभिन्न श्रैणियों के 22 कर्मचारियों के ट्रांसर्फर किए गए थे। इस तबादला सूची में जिले के राजगढ़, सुठालिया एवं सारंगपुर महाविद्यालयों से स्थानांतरित किए गए तीन कर्मचारियों को तीन माह भी रिलीव नहीं किया गया है। रिलीव नहीं किए गए कर्मचारियों में राजगढ़ महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुरेष कुमार दांगी, सारंगपुर महाविद्यालय के सहा. ग्रेड-3 रवि बंशीलाल एवं सुठालिया महाविद्यालय के प्रयोगशाला सहायक डॉ. गिरिराज शर्मा शामिल हैं। दांगी एवं बंशीलाल का ट्रान्सर्फर राजगढ़ जिले से विदिशा महाविद्यालय किया गया था। वहीं प्रयोगशाला सहायक शर्मा का तबादला सुठालिया महाविद्यालय से सारंगपुर महाविद्यालय किया गया था। बीच के दो महीनों में आचार संहिता का हवाला देकर मामले को ठंडे बस्ते में रखा गया, लेकिन अब आचार संहिता खत्म होने के बाद भी महाविद्यालयों के प्राचार्यों द्वारा अपने ही विभाग के आदेश का पालन नहीं करवाया जा रहा है।



### रिलीव करेंगे

वंशीलाल के पास जो प्रभार थे वे दूसरों को दे रहे हैं। उसके बाद जल्दी ही उन्हें रिलीव कर दिया जाएगा।

**ममता खोईया,** सारंगपुर प्राचार्य सारंगपुर

### सूची दिखवाता हूं

मुझे इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। मैं कल कॉलेज पहुंचकर तबादला सूची दिखवाता हूं।

- **वीके जैन,** प्राचार्य, लीड महाविद्यालय, राजगढ़

### रिलीव नहीं किया

संस्था में तृतीय श्रैणी कर्मचारी कार्यरत नहीं है। ऐसे में श्री शर्मा को रिलीव नहीं किया गया है। कॉलेज की व्यवस्थाएं सुचारू बनाए रखने के लिए ऐसा किया है।

- **कल्पना शर्मा,** प्राचार्य, शा. महाविद्यालय, सुठालिया

## मंदिर की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन

# अंजनीलाल मंदिर पर बन रहा 20 लाख का भव्य तोरण द्वार



**राजगढ़।** नगर के बाईपास क्षेत्र स्थित श्रीअंजनीलाल धाम सेवा समिति द्वारा मंदिर को भव्यतम रूप प्रदान करने भव्य तोरण द्वारा का निर्माण करवाया जा रहा है। करीब 20 लाख की लागत व जनसहयोग से तैयार हो रहे इस तोरण द्वारा का निर्माण समिति पदाधिकारियों की देखरेख में हो रहा है। इस पर भगवान गरुणजी की प्रतिमा को विराजमान किया गया जाए, जो अपने आप में आकर्षण का केंद्र रहेगी।

इसी मंदिर समिति का तीन वर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने पर सोमवार को नवीन कार्रकारिणी का भी गठन किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में मुकेष वर्मा अध्यक्ष, आर.एन. सौंधिया, एम.एल. गुप्ता एवं सजन सिंह पंवार उपाध्यक्ष, देवीसिंह सौलंकी सचिव, धमेंद्र श्रीवास्तव सहसचिव, रामचरण पिपलोटिया कोषाध्यक्ष, सत्येंद्र सोनी संघटन सचिव, कमल चैहान सह-संगठन सचिव एवं गौरव चैरसिया को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इके साथ ही अविनाष दषेहरिया कानूनी सलाहकार नियुक्त किए गए हैं।

कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों में सत्यनारायण शर्मा, मांगीलाल पटवारी, प्रीतमसिंह मीणा, रामबाबू सिसोदिया, विष्णु दांगी, पप्पू गुर्जर, प्रेमसिंह कोटरा, मनोज नामदेव, महेष सक्सेना, डॉ. विवके साहू शामिल हैं। आयोजन समिति में लक्ष्मीनारायण सेन, देवेंद्र बैरागी, राजेंद्र कोकसिया, मनोहर चौरसिया, हेमेंद्र शर्मा, मनोहरलाल पिपलोटिया, श्यामलाल दांगी, रामचरण गुर्जर एवं डीआर नागर सम्मिलित हैं।

## पुलिस के हत्थे चढ़े झंझाड़पुर हत्याकांड के चारों आरोपी

### जमीनी विवाद में कर दी थी युवक की हत्या




**राजगढ़।** कोतवाली थानाक्षेत्र के झंझाड़पुर गांव में विगत दिनों जमीनी विवाद में हुई युवक कमल तंवर की हत्या के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। चारों आरोपी देवीसिंह, नारायण सिंह, कल्लू तंवर एवं नाहर सिंह तंवर द्वारा लट्ठ, फर्सी, बल्लम आदि हथियारों से 17 दिसंबर की रात्रि में खेत में पानी दे रहे कमल तंवर की हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद पुलिस ने मृतक के भतीजे जगदीश की रिपोर्ट पर तुरंत हत्या का मामला पंजीबद्ध करते हुए आरोपियों की खोजबीन शरू की थी। कोतवाली टीआई वीरसिंह ठाकुर के नेतृत्व में बनी टीम में शामिल समीर खान, दिनेश गुर्जर, राजेंद्र मीना, नरेंद्र शर्मा, ललित तोमर, नवीन जाट, राहुल गुर्जर आदि ने झंझाडपुर के जंगल के एक खेत में छिपे चारों को आरोपियों को दबोच लिया गया।

**अपना मूल अस्तित्व खोता जा रहा है पार्क**

# नपा कार्यालय के ठीक सामने बने नेहरू पार्क की हालात खराब, फूटी पड़ी हैं लाइट्स

## नगर पालिका नरसिंहगढ़ की उदासीनता का शिकार हो रहा नेहरू पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

नगर में सन 1965 के लगभग में नगर के मध्य में नेहरू उद्यान बनाया गया था, जिसमें बुजुर्गों के लिए हरे भरे पेड़ो वाला अनुकूल पर्यावरण बच्चों को खेलने के लिए झूले तो युवाओं का पार्क में लगी कुर्सियों पर बैठके पढ़ना उनदिनों आम बात थी। पूरे नगर में कोई पार्क न होने की वजह से यह नेहरू पार्क एक दम गुलजार रहा करता था। हो भी क्यों न जब यहां हर उम्र के लोगों के लिए जगह थी पर अब इससे पूरा उलट है।

नगर पालिका कार्यालय नरसिंहगढ़ के ठीक सामने होने के बावजूद भी ध्यान न देने के वजह से यह पार्क आज आपना सालो पुराना अस्तित्व खोता जा रहा है। पार्क का जब से निर्माण हुआ था उसके उपरांत एक बार पुनः यहाँ जीर्णोद्धार का कार्य किया जा चुका है। जिसका जीर्णोद्धार रिबिन तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने काटा था लेकिन नगर की शान कहे जाने वाले नेहरू पार्क की ओर आज नगर पालिका नरसिंहगढ़ का ध्यान



न होने के वजह से के वजह से यह अपना मूल अस्तित्व खोता जा रहा है।

### व्यवस्थाएं दुरुस्त करेंगे

मुझे आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है। हम अमले को भेज कर प्रथमिकता से इसको दिखवाते हैं। जल्द ही व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का प्रयास किया जाएगा।

**निगहत सुल्ताना,** मुख्य नपा अधिकारी नरसिंहगढ़

### पार्क की सालों से फूटी पड़ी हैं लाइटें, बीचों-बीच लगा हाईमास्क भी है बंद

पार्क की साज सज्जा के लिए पार्क की बाउंड्री पर सालों पहले आकर्षक लेम्प लगाए गए जो की देख रेख के अभाव में सालों से बंद पड़े हुए है आपको बता देवें की पार्क के बीचों बीच एक हाईमास्क लाइट भी लगाई गई थी जिसमें पांच दुधिया रोशनी वाले हेलोजन लगे हुए थे जो कि पूरे पार्क को अपनी रोशनी बिखेरते थे वो भी सालों से बंद पड़े हुए जबकी नगर पालिका नरसिंहगढ़ के पास विद्युत संबंधी पूरी टीम है जो की नगर में पालिका द्वारा संचालित होने वाली स्ट्रीट लाइट एवं अन्य व्यवस्थाओं की देख रेख करती है। पार्क दोनों दरवाजो में से किसी पर भी पार्क खुलने व बंद होने का समय नही लिखा होने के वजह से कई लोग तो यह समझ ही नही पाते की पार्क खुला है या बंद अब देखना यह होगा की नगर के बीचों बीच बना यह नेहरू पार्क अपने खोये हुए अस्तित्व को पा पायगा या इसी तरह नगर पालिका की अवहेलना झेलता रहेगा।

**मुख्य अतिथि विधायक मदन दिलावर हुए उद्‌घाटन में शामिल**

# फलौदी माताजी महाराज ट्रस्ट द्वारा मेड़तवाल समाज आरोग्य मंदिर का किया गया लोकार्पण

## मेड़तवाल समाज के परिचय सम्मेलन खैराबाद धाम में विभिन्न राज्यों के प्रतिभागी ने लिया भाग

**जीरापुर।** मंदिर श्री फलौदी माताजी महाराज ट्रस्ट, मिशन परिचय टीम एवं टीम सखी के तत्वाधान में आयोजित परिचय सम्मेलन में मेड़तवाल वैश्य समाज के विभिन्न पंचायतों से आए परिवारों के युवक युवतियों ने जो विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं बढ़चढ़कर परिचय दिया और लगभग 10 हजार समाज बन्धुओ ने समाज के इस परिचय सम्मेलन अर्ध महाकुम्भ में अपने सामूहिक सौहार्द का परिचय दिया। मीडिया प्रवक्ता डॉ नयन प्रकाश गाँधी एवं प्रीति गांधी ने संचालन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मदन दिलावर ने समाज बंधुओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि सामाजिक सरोकार के मां फलौदी आरोग्य मंदिर के मानव हितार्थ सेवा कार्य आप कर रहे यह



प्रशंसनीय है। युवा युवतियों के परिचय को प्रत्यक्ष देखा और युवा युवतियों को प्रोत्साहित किया। ट्रस्ट द्वारा सम्मान शील्ड राजस्थानी पगड़ी उपरना से समाज के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा सम्मानित कर विधायक का अभिनन्दन किया गया। स्वागत उद्बोधन वरिष्ठ समाज सेवी अखिलेश मेड़तवाल द्वारा दिया गया। मिशन परिचय सम्मेलन टीम ने बताया कि परिचय सम्मेलन में ऐतिहासिक नवचार के साथ प्रोफेशनल सिस्टेमेटिक मेथड से बिजनेसमैन सर्विस क्लास और प्रोफेशनल युवा युवतियों के साथ साथ ग्रामीण बालक बालिकाओं, विधवा परित्यक्ता तलाकशुदा आदि के लिए अलग अलग लेवल पर लगभग 20 सेशन हुए एवं सैकड़ों युवाओ युवतियों ने परिचय दिया वैश्य समाज में ग्लोबल पैटर्न पर परिचय सम्मेलन किया गया साथ ही ग्रुप फेमेली डिस्कशन हेतु परिचयात्मक शैली में पारिवारिक परिचय के साथ बच्चो परिवार जन को प्रोत्साहित किया।

### डॉक्टर भामाशाहा शैक्षणिक प्रतिभा का भी हुआ सम्मान

मेडिकल डाक्टर सम्मान समारोह कार्यक्रम के प्रमुख आर बी गुप्ता ,निर्मल गुप्ता ने बताया की लगभग 30 से अधिक डाक्टर का सम्मान के साथ भामाशाह सम्मान एवं विभिन्न प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

### डॉ जितेन्द्र लववंशी का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान कोलकाता में चयन

**लखनवास।** राजगढ़ जिले के सुठालिया तहसील से एक छोटे से गांव ग्राम भवांस से डॉ जितेन्द्र लववंशी को 'एम्स दिल्ली' के द्वारा नवंबर महीने में आयोजित परीक्षा में चयन हुआ था जिसके फलस्वरुप आज उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान कोलकाता से नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ। आज समस्त क्षेत्र वासियों और मित्रों ने मिलकर विदाई समारोह का आयोजन माँ विन्ध्यवासिनी माता मंदिर पर आयोजित किया। उनकी इस उपलब्धी पर समस्त ग्राम वासी, परिजनों और मित्रों ने उनको बधाईयाँ दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना दी। बता दे कि डॉ जितेन्द्र बहुत मिलनसार और एक सोशल वर्कर है और हमेशा समाज के लोगों को मार्गदर्शन और प्रेरित करते रहते हैं।

## भाजपाईयों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की 99वीं जयंती

### प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, आतिशबाजी की



**राजगढ़।** भारतीय जनता पार्टी की नींव में शामिल देष के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जयंती भाजपाईयों द्वारा उत्साह के साथ मनाई गई। इस मौके पर पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बाईपास स्थित उनकी प्रतिमा का माल्यार्पण करते हुए आतिशबाजी करते हुए मिठाईयां बांटकर एक दूसरे को बधाई दी। इस मौके पूर्व राज्यमंत्री रघनंदन शर्मा, जिला महामंत्री देवीसिंह सौंधिया, सांसद प्रतिनिधि मनोज हाड़ा, श्याम गुर्जर, पूर्व सीसीबी अध्यक्ष कैलाश मौर्य, पूर्व नपाध्यक्ष प्रतिनिधि शेलेष गुप्ता, प्रताप सिंह सिसोदिया, राजेष्वरी शर्मा, दीपक शर्मा, साकेत शर्मा, मंडल अध्यक्ष मनीष जोशी, दीपक नागर, कमल तंवर, राजेश खरे, प्रांजल खुजनेरी, मोहम्मद शफीक गामा, इरफान मेवाती, पप्पू मकवाना, कैलाश प्रजापति सहित अन्य उपस्थित थे।

## प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सुशासन दिवस के रूप में मनाई पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती




**सारंगपुर।** भारतीय जनता पार्टी सारंगपुर मंडल के तत्वावधान में सोमवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. पंडित अटल विहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने त्रिपोलिया बाजार स्थित अटल प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मोके पर विधायक गोतम टेटवाल ने कहा कि पुर्व प्रधानमन्त्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के पुरोधा होने के साथ साथ ओजस्वी वक्ता एवं कवि थे। अन्होने छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता, सहित अनेक कविताओं की रचना की स्वर्गीय वाजपेयी सुचिता के पक्षधर थे। इस अवसर पर विधायक गौतम टेटवाल जिला उपाध्यक्ष अक्षय सक्सेना पी एस मंडलोई सुधीर श्रीमाल पृथ्वीराज टेटवाल भाजपा पार्षद महामंत्री बाबूलाल अहिरवार जुगल चौहान विजय जेन कुलदीप राठौर पार्षद राकेश पुष्पद पवन कसारा रघु जेन यशवंत सोनी सहित भारतीय जनता पार्टी के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मीना समाज धर्मशाला स्थित बाबा अलमस्तनाथ महाराज की समाधि पर बरसा भक्ति रस

# पूर्णाहुति के साथ अखंड भजन कीर्तन सप्ताह का समापन, भंडारे में हजारों ने ग्रहण की महाप्रसादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर के इंदौर नाका क्षेत्र स्थित मीना समाज धर्मशाला में समाधिस्त बाबा अलमस्तनाथ महाराज की समाधि पर 63 वें अखण्ड भजन सप्ताह का सोमवार को पूर्णाहुति, भंडारे के साथ समापन हुआ। जिसमें हजारों लोगों ने शामिल होकर महाप्रसादी ग्रहण की। बाबा साहब के परिजन एवं पूर्व डीआईजी सतीष सक्सेना और उनके परिवार की ओर से कलाकारों एवं साधू-संतों का सम्मान किया गया। वहीं मीना समाज समिति की ओर से धर्मषाला अध्यक्ष नेताजी रामगोपाल मीना द्वारा कलाकारों को सम्मानित करने में भूमिका निभाई।

योगाश्रम पाठषाला के महंत बालकनाथ महाराज, भोलादास महाराज पनिहारा आश्रम, सतीष नागर भगवताचार्य ब्यावरा, बालकिषन पुजारी समाधि, स्वामी फूलेष्वरानंद महाराज पातलापानी, हारमोनियम, तबला, ढोलक, मंजीरा आदि के कलाकार को उपहार, पुष्पहार आदि से सम्मानित



किया, इनमें बाबूलाल भगत नादनपुर, राजू मीना लहरचा, मोहन षर्मा ब्यावरा, नवलसिंह राव ढकोरो, हरभजन मीना गिंदोरमीणा, बंषीलाल भगतजी चोपनी, देवचंद भगतजी बालचिड़ी, बाल कलाकार आयूषी मीना नेवली ब्यावरा, गंगाराम दांगी, मदनलाल परसूलिया, लाला राव ब्यावरा, भगीरथ सेन भूरा, मांगीलाल मोगिया ब्यावरा, देवचंद विष्वकर्मा मोतीपुरा, महाराजसिंह पीपाखेड़ी, मनीष मीना, संजू मीना, राजेंद्र मीना हांसरोद, बापूलाल उस्ताद जीरापुर, कल्लू उस्ताद जामी, रमेष उस्ताद उकावद, भगवानसिंह बना बड़ोदा, बुद्वराम कड़यिहाट, हरिसिंह राठौर ब्यावरा, रामदयाल गुर्जर सड़ली, मुकेष राव पातलापानी, कैलाष राव कड़यिहाट, रोड़जी संग्रामपुर, हरीसिंह ब्यावरा, मांगीलाल तरेना-टांका, अषोक राव ढकोरा, मोतीलाल उस्ताद दुबली, गंगाराम हवाई, लखन राव, रंगालाल ढकोरा, रामसिंह राव नेवली, जगदीषदास तरेनी, मुरारीलाल गोविंदपुरा, मानसिंह बड़ोदिया सहित अन्य कलाकारों को सम्मानित किया गया। समापन की पूर्व संध्या पर विधायक नारायणसिंह पंवार, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सौंधिया सहित अन्य कई भाजपा एवं कांग्रेस के प्रतिनिधि शामिल हुए।

### सात दिन तक चले भजनों का लिया श्रवण लाभ

बाबा अलमस्तनाथ जी महाराज की समाधि पर चले सात दिन तक भजन सप्ताह में नगरीय एवं ग्रामीण अंचल के आए बड़ी संख्या में भगतों एवं नागरिकों ने श्रवण लाभ लिया। धर्मषाला अध्यक्ष नेताजी रामगोपाल मीना ने बताया कि सात दिन तक भजन-कीर्तन में आए सभी कलाकारों एवं लोगों के लिए सभी व्यवस्थाएं समिति की ओर से की गई। भण्डारे में ग्रामीण अंचल सहित नगरीय क्षेत्र के समिति के पदाधिकारियों, समाजजनों, बाबा के अनुयायियों का योगदान रहा। भण्डारे में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। आयोजन समिति ने उक्त कार्यक्रम में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग करने वाले सभी का आभार व्यक्त किया।